राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

संख्या–15/2025

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल से राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के अध्ययन दल ने मुलाकात की

पटना 04 फरवरी, 2025 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां से ''नेशनल सिक्योरिटी एण्ड स्ट्रैटेजिक स्टडीज'' विषय पर अध्ययन हेतु बिहार परिभ्रमण पर आए राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के 16 सदस्यीय अध्ययन दल ने राजभवन में मुलाकात की। उन्होंने भेंट वार्ता के दौरान भारत की सांस्कृतिक विशेषताओं तथा बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि विविधता हमारी एकता को मजबूत करने का स्रोत है।

राज्यपाल ने अध्ययन दल को बताया कि भारत की संस्कृति आत्मा से परिभाषित होती है और यही कारण है कि हजारों वर्षों से चले आ रहे मूल्य और आदर्श आज भी हमारे लिए प्रासंगिक और प्रेरक हैं। भारत दुनिया का अकेला देश है जिसके संस्कृति की निरंतरता आज भी बनी हुई है, जबकि प्राचीनकाल के अनेक देशों की संस्कृतियों का नाता आज की संस्कृति से टूट चुका है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति हमें सब के भीतर की दिव्यता को देखना सिखाती है।

राज्यपाल ने कहा कि स्त्रियों में करूणा का भाव स्वाभाविक रूप से होता है, परन्तु पुरूषों को इसके लिए प्रयास करना पड़ता है। उन्होंने अहिंसा का व्यापक अर्थ भी बताया। उन्होंने कहा कि अपनी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

राज्यपाल ने कहा कि बिहार की सांस्कृतिक विरासत अत्यन्त समृद्ध है और यहाँ के लोगों में काफी क्षमता है। देश के विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में बिहार के युवा बड़ी संख्या में चयनित होते हैं।

उन्होंने कहा कि विविधता हमारी एकता को सुदृढ़ करने का स्रोत है। स्वामी विवेकानंद के अनुसार ज्ञान का उद्देश्य अपने भीतर ऐसी क्षमता पैदा करना है कि हम सामने नजर आनेवाली विविधताओं के बीच छिपी हुई एकता का दर्शन कर सकें।

अध्ययन दल में भारत के अतिरिक्त अन्य देशों के सैन्य अधिकारी एवं अन्य लोग शामिल थे।

....